ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : 80 हजार करोड़ के निवेश पर होंगे हस्ताक्षर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन जून को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में ओडीओपी के विशेष काउंटर देखेंगे। अन्य उद्योगपतियों के साथ ही गौतम अडानी का स्टाल भी देखेंगे। बाद में प्रधानमंत्री का सभी 50 उद्योगपतियों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाने का कार्यक्रम तय हुआ है। साथ ही निवेश का लक्ष्य बढ़ाकर 75 हजार करोड़ से 80 हजार करोड़ कर दिया गया है।

80 हजार करोड़ के निवेश पर होंगे हस्ताक्षर: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों में जुटे औद्योगिक विकास विभाग ने समारोह में 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। पहले यह लक्ष्य 75 हजार करोड़ रुपये का रखा गया था। उद्योगपतियों की रुचि के चलते इसे बढ़ा दिया गया है। सरकार ने इसमें देश के बड़े पचास उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है। यह उद्योगपति अपनी अपनी कंपनियों से जुड़े नए प्रयोगों और योजनाओं के स्टाल भी लगवाएंगे।

50 उद्योगपतियों के साथ पीएम करेंगे मंथन

- ब्रह्मोस मिसाइल के साथ राकेट टेक्नोलाजी, अडानी के स्टाल भी देखेंगे

पीएम करेंगे प्रदर्शनी का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन जून को ही इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसमें खासतौर पर उनका जोर ओडीओपी के स्टाल पर रहेगा। इस प्रदर्शनी में ओडीओपी के 60 स्टाल लगाए जा रहे हैं। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है कि पीएम ने हाल ही में जापान दौरे के दौरान मथुरा में बनी कलाकृति को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को भेंट किया था। उनका जोर प्रदेश के ओडीओपी को बढ़ावा देने पर है।

अडानी के साथ आएंगे अनंत अंबानी: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मुख्य रुप से अडानी समूह के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम अडानी, अनंत अंबानी, कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के एमडी संजीव पुरी, लूलू समूह के यूसुफ अली, गोदरेज समूह के पिरोज़शा गोदरेज, फिल्म निदेशक बोनी कपूर और केसी बोकाडिया, ओला कंपनी के संस्थापक भावीश अग्रवाल, हीरानंदानी समूह के निरंजन हीरानंदानी समेत 50 प्रमुख उद्योगपति लखनऊ आएंगे। पीएम उनके साथ एक सामूहिक फोटो भी खिंचवाएंगे।

आईटी व खाद्य प्रसंस्करण निवेश की बड़ी उम्मीद

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तीन की तैयारियां और तेज कर दी गई हैं। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। आईटी और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश की संभावना है। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि औद्योगिक निवेश के लिए मार्ग सदैव प्रशस्त रखा जाए और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनस' की दिशा में लगातार काम होता रहे। इसमें कंपनियों का पंजीकरण, स्थापना, उनके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति में सहूलियत, और ऐसा वातावरण बनना शामिल है, जिसमे वे कर्मचारी सहज महसूस करें जो विदेशों और देश के बड़े शहरों में काम कर चुके हैं। इसी कारण मल्टीनैशनल और विदेशी कंपनियों की उप्र में लगातार रुचि बनी हुई है।

मेहमानों के लिए 150 कमरे तथा 25 सुइट आरक्षित

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए शहर को बेहतरीन तरीके से सजाया जा रहा है। लखनऊ के पांच सितारा होटलों में मेहमानों के लिए 150 कक्ष तथा 25 सुइट बुक किए गए हैं। वीवीआइपी मेहमानों तथा बड़े उद्यमियों को कार्यक्रम स्थल तक आने जाने के लिए लग्जरी कारें मिलेंगी वहीं अन्य मेहमानों के लिए 50 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें मंगाई जा रही हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए एलडीए के अर्थ हॉल में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है। ताकि आने वाले मेहमानों को कोई असुविधा न हो। दोपहर में खाने के लिए इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में वातानुकूलित फूड एरिया विकसित किया जाएगा।

शहीद पथ पर एलईडी लगा रहा नगर निगम

कार्यक्रम के लिए शहर को सजाने की जिम्मेदारी एलडीए व नगर निगम को दी गई है। निगम को शहीद पथ को तिरंगे लाइटों से सजाने को कहा गया है। इसी महीने प्रधानमंत्री जब आए थे तब नगर निगम ने एयरपोर्ट से अहमामऊ तक रोड को लाइटों से सजाया था।

वर्टिकल गार्डन, फुलवारी भी बनेगी

प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए नगर निगम विजयीपुर अंडर पास के समीप व शहीदपथ अंडर पास के समीप वर्टिकल गार्डन बनाया जा रहा है। एलडीए शहीद पथ के किनारे खूबसूरत फुलवारी विकसित कर रहा है। 10 चौराहों पर एलईडी होर्डिंग भी लगायी जा रही हैं।